**Attachement 2.3**

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

**परियोजना का नाम** जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत सरकोट–देवसारी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.895 हे0 आरक्षित, 1.069 हे0 सिविल, कुल 5.964 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनाँक 16/09/2015 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत सरकोट–देवसारी मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री मक्खन लाल, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री पंकज सजवाण, राजस्व उपनिरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री गोविन्द बल्लभ जोशी, सहायक अभियन्ता, श्री मनोज कुमार कोटला, कनिष्ठ अभियन्ता अन्य दावेदारों की ओर से क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान देवसारी के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1791 (मी0) नाप भूमि से, 1413 (मी0) सिविल भूमि से, 4921 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.892 हे0 नाप भूमि, 1.069 हे0 सिविल, 4.895 हे0 आरक्षित, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 5.964 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 1118 वृक्ष चीड़, बुरांश, अंयार, बांज, तुन, मेहल, फल्याट, सौड़, काफल, दुदीला, उतीस, प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 125 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1000 मी0 नाप भूमि, 3000 मी0 सिविल वन भूमि, 6000 मी0 आरक्षित वन भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.900 हे0 नाप भूमि, 1.400 हे0 सिविल, 5.600 हे0 आरक्षित, 5.600 वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 7.000 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 1440 वृक्ष चीड़, बुरांश, अंयार, बांज, तुन, मेहल, फल्याट, सेड़, शहतुत, काफल, दुदीला प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 205 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन है एवं इन कक्षों में चीड़, मेहल, बांज, काफल, उतीस, लोद, अंयार, बुराश, दुदिला प्रजिाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर दुदिला प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर चीड़, मेहल, बांज, काफल, उतीस, लोद, अंयार, बुराश, दुदिला प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन ........................ है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 01′ 46.73″ उ0, 79 35′ 11.98″ पू0 है तथा यह स्थल ग्वालदम–नंदकेशरी मोटर मार्ग के किमी0 8 से से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल देवसारी प्राथमिक विद्यालय है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 02′ 41.88″ उ0, 79 35′ 20.66″ पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 01′ 40.86″ उ0, 79 36′ 0.66″ पू0/ 30 01′ 54.78″ उ0, 79 35′ 48.36″ पू0 / 30 02′ 6.52″ उ0, 79 35′ 49.70″ पू0 / 30 01′ 14.98″ उ0, 79 35′ 21.58″ पू0 / 30 01′ 14.98″ उ0, 79 35′ 40.54″ पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 01′ 46.73″ उ0, 79 35′ 11.98″ पू0 / 30 01′ 40.86″ उ0, 79 36′ 0.66″ पू0/ 30 01′ 54.78″ उ0, 79 35′ 48.36″ पू0 / 30 02′ 6.52″ उ0, 79 35′ 49.70″ पू0 / 30 01′ 14.98″ उ0, 79 35′ 21.58″ पू0 / 30 01′ 14.98″ उ0, 79 35′ 40.54″ पू0 हैं।

खण्डीय अमीन | कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, थराली, (चमोली)

राजस्व उपनिरीक्षक
राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र– ..............
तहसील– ...........
जिला–चमोली

तहसीलदार
तहसीलदार
थराली

उपजिलाधिकारी
उप जिला अधिकारी
थराली (चमोली)

जिलाधिकारी
जिलाधिकारी
चमोली

(वन विभाग प्रतिनिधि)
मध्य पिण्डर वन क्षेत्र, थराली
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।
प्रभागीय वनाधिकारी